आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शुक्रवार 23.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– केंद्र सरकार ने पीएम–जनमन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है।

2– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल रायपुर में अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक लेंगे।

3– छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों के लिए प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने अंतरिम फीस निर्धारित की।

4– सुकमा जिले में आज आठ–आठ लाख रूपए के दो इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

महाअभियान–पीएम–जनमन

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम–जनमन पर राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार–आईईसी अभियान शुरू किया है। अगले महीने की दस तारीख तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों–पीवीटीजी तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस अभियान के दौरान, अन्य योजनाओं के लिए आधार कार्ड, सामुदायिक प्रमाण पत्र, जन धन खाते और वन अधिकार अधिनियम के लाभार्थियों को पट्टे प्रदान किए जाएंगे। छात्रवृत्ति, मातृत्व लाभ योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि और सिकल सेल रोग के रोगियों के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पीवीटीजी लाभार्थियों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

इधर, छत्तीसगढ़ के अट्ठारह जिलों में भी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम जनमन शुरू किया गया है। इसके तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया और बिरहोर बहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इन जिलों में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आगामी सितम्बर माह में मेगा ईवेंट और आईईसी कैंपेन का आयोजन होगा। सितम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के साथ संवाद करेंगे।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कही। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रगति से स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रो को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इसरो के चंद्रयान का चांद पर उतरना सभी भारतीयों के लिए गौरवशाली क्षण था।

इधर, छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में विज्ञान और अंतरिक्ष में रूचि पैदा करने के लिए आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीईआरटी द्वारा विकसित विशेष 'चंद्रयान पर आधारित मॉड्यूल' प्रदर्शित कर 'चंद्रयान मॉड्यूल पर व्याख्यान' का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल

बिल्डिंग, क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में स्कूली छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित तीस मिनट का एक वीडियो भी दिखाया गया।

<u>केन्द्र–दवा प्रतिबंध</u>

केन्द्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं।

<u>अमित शाह–छत्तीसगढ़</u>

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह अब से कुछ देर बाद तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री कल चौबीस अगस्त को चंपारण स्थित वल्लभाचार्य आश्रम का दौरा करेंगे। इसके बाद वे रायपुर में छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। इसी दिन श्री शाह छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास संबंधी बैठक भी लेंगे।

वहीं, पच्चीस अगस्त को केन्द्रीय गृह मंत्री रायपुर स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एन. सी.बी. ऑफिस का उद्घाटन करेंगे तथा समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार से संबंधित एक अन्य बैठक में भी शामिल होंगे।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।. यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

<u>मुख्य न्यायाधीश–निरीक्षण</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल जिला और सत्र न्यायालय बिलासपुर का निरीक्षण किया। श्री सिन्हा ने पुराने भवन की दीवारों में दरारें और कोर्ट रूम की दीवारों में सीपेज की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद वे नये भवन के कोर्ट रूम पहुंचे और वहां का भी जायजा लिया।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा कल चौबीस अगस्त को अम्बिकापुर स्थित जिला न्यायालय का निरीक्षण करेंगे।

<u>मेडिकल कॉलेज–फीस निर्धारित</u>

छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों के लिए प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने अंतरिम फीस निर्धारित कर दी है। इसके अनुसार तीन निजी मेडिकल कालेजों के एमबीबीएस और दो निजी मेडिकल कालेजों में संचालित स्नातकोत्तर–पीजी सीटों की फीस तय कर दी गई हैं। यह फीस वर्ष–दो हजार चौबीस से दो हजार सत्ताईस तक के लिए मान्य होगी। समिति ने निजी मेडिकल कालेजों के निरीक्षण, जांच, पड़ोसी राज्यों में प्रचलित फीस की दर और छत्तीसगढ़ की स्थिति, प्रति व्यक्ति आय जैसे तथ्यों के आधार पर फीस तय की है। फीस विनियामक समिति ने कहा है कि तय राशि से अधिक फीस की वसूली पर निजी मेडिकल कालेजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, प्रवेश और फीस विनियामक समिति ने पूरी सुविधाएं जुटाए बिना कॉलेज प्रारंभ करने वाले छत्तीसगढ़ के तीन डी. फॉर्मेसी कॉलेजों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

पिछड़ा वर्ग आयोग–अध्ययन

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी पर अध्ययन किया जाएगा। आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा ने बताया कि बारह अगस्त से सर्वे का काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा पिछड़ा वर्ग में शामिल जाति–समूह के संदर्भ में यदि कोई शोध अध्ययन करना चाहते हैं, तो ऐसे शोधार्थी तीस सितम्बर तक आयोग को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज दो इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन दोनों माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन दोनों ने पुलिस और सीआरपीएफ़ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। दोनों माओवादी वर्ष दो हजार इक्कीस में हुए टेकलगुड़ा हमले में  शामिल थे। इसके अलावा इन दोनों पर क्षेत्र में हुई कई बड़ी माओवादी वारदातों में शामिल रहने का आरोप भी है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा

दिव्य कला मेला

रायपुर के बीटीआई ग्राउंड में आयोजित दिव्य कला मेला कल संपन्न हो गया है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांग कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की और उन्हें बधाई दी। इस मेले में तेरह राज्यों से आए अड़तालीस दिव्यांग उद्यमियों ने पचास लाख रुपये से अधिक का व्यवसाय किया। जिसमें छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के उद्यमी शामिल थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं हैं बल्कि राष्ट्र की प्रगति में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं समझना चाहिए। उनके प्रति समाज के नजरिये में बदलाव आना चाहिए।

स्वाइन–फ्लू

स्वास्थ्य विभाग ने बिलासपुर जिले में स्वाइन–फ्लू से संबंधित जानकारी और सुझाव के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं। किसी भी तरह की सहायता के लिए सिम्स के हेल्पलाइन नम्बर सात–पांच–आठ–सात चार– आठ–पांच–नौ–शून्य–सात (75874–85907), जिला अस्पताल में शून्य सात–सात पांच–दो – चार–आठ–शून्य–दो–पांच–एक (07752–480251), अपोलो अस्पताल में नौ–सात–पांच–पांच–पांच – पांच शून्य–आठ– तीन–चार (97555–50834) और स्वास्थ्य विभाग के टोल–फ्री नम्बर 104 पर संपर्क किया जा सकता है। ये नम्बर चौबीस घंटे चालू रहेंगे। स्वाइन–फ्लू के लक्षण की जरा भी आशंका होने पर इन नम्बरों पर संपर्क कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है।

कृषि–राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उनतीस और तीस अगस्त को कृषि अभियंताओं का छत्तीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के कृषि अभियंता हिस्सा लेंगे। वहीं, संगोष्ठी में खेती–किसानी और कृषि उपकरणों से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

कांग्रेस–प्रदर्शन

बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा कल चौबीस अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर के जेल रोड में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा तथा वज्रपात होने की भी संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग और उत्तर पूर्व झारखंड के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने के आसार है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>